**विशेषध्यानाकर्षण / अतिमहत्वपूर्ण / ई0मेल द्वारा।**

**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थायें।

**पत्रांकः प्राशिप / अनु0–06 / नव0–2024–25 / 8349** **लखनऊः दिनांकः–23 / 11 / 2024**

**विषयः** परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली विषम सेमेस्टर परीक्षा (प्रथम, तृतीय, पंचम) / विशेष बैक पेपर, परीक्षा दिसम्बर–2024 में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म भराये जाने एवं परीक्षा आवेदनपत्रों की सेमेस्टरवार सूची, परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क तथा अंकतालिका शुल्क के ट्रेजरी चालान की (मूल प्रति) प्राप्त कराये जाने विषयक।

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि विषम सेमेस्टर (प्रथम, तृतीय, पंचम) / विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर–2024 की परीक्षायें दिनांक 13 / 12 / 2024 से होना प्रस्तावित हैं। उक्त के सम्बन्ध में निम्न निर्देशों का अनुपालन करते हुए निर्धारित तिथि तक वांछित कार्यवाही पूर्ण करने का कष्ट करें:–

1. विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर–2024 में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र / छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 25 / 11 / 2024 से 30 / 11 / 2024 के मध्य संस्था लॉगिन पर परिषद द्वारा उपलब्ध करा दिये जायेगें। संस्था द्वारा उक्त परीक्षा आवेदन पत्र प्रोविजनली भराये जायेगें।
2. प्रोविजनली भराये गये परीक्षा आवेदन पत्र के अनुसार परीक्षा शुल्क के रूप में जमा की जाने वाली धनराशि का विवरण दिनांक 01 / 12 / 2024 से 03 / 12 / 2024 के मध्य आपकी संस्था लॉगिन पर उपलब्ध करा दिया जायेगा। उपलब्ध विवरण के अनुसार चालान **(संलग्नक–1)** बनवाकर संस्था लॉगिन के माध्यम से अपडेट एवं अपलोड करने के उपरान्त परीक्षा आवेदन पत्र अन्तिम रूप से संस्था द्वारा समबिट किये जायेगें।
3. परीक्षाफार्म कृपया सावधानी पूर्वक भरें, एक बार फार्म समबिट होने के पश्चात उसमें संशोधन किया जाना संभव नहीं है। भरे गये आवेदन पत्र को हटाने / रिसेट का अनुरोध परिषद कार्यालय द्वारा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर (प्रथम, तृतीय, पंचम) एवं विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर–2024 के छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र पृथक–पृथक विवरण के अनुसार परिषद कार्यालय में प्राप्त कराये जायें। जिसका उल्लेख संलग्न प्रारूप–1 में स्पष्ट रूप से किया जाये।
5. भराये गये परीक्षा आवेदन पत्रों के परीक्षा शुल्क का विवरण संलग्न प्रारूप–2 में भरकर अवश्य प्राप्त कराया जाये।
6. भराये गये परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी एवं ट्रेजरी चालान की मूल प्रति परिषद द्वारा निर्गत नामावली के साथ (**प्रत्येक संस्था प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित**) दिनांक 05 / 12 / 2024 से 10 / 12 / 2024 तक परिषद कार्यालय के अनुभाग–6 में प्रत्येक स्थिति में उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।
7. सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर (प्रथम, तृतीय, पंचम) / विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर–2024 में सम्मिलित होने की अनुमति उन्हीं पात्र छात्र / छात्राओं को दी जायेगी जिनका पंजियन ऑनलाईन प्रक्रिया द्वारा पूर्व में किया गया है। प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा आवंटित अनुक्रमॉक के बिना यदि किसी संस्था द्वारा किसी भी छात्र को परीक्षा में सम्मिलित कराया जाता है तो संस्था प्रबंधन / प्रधानाचार्य स्वयं उत्तरदायी होगें एवं छात्र / छात्रा की परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी।

प्राविधिक शिक्षा परिषद उ0प्र0, लखनऊ से सम्बद्ध संस्थाओं में सेमेस्टर प्रणाली एवं वार्षिक पद्धति के अन्तर्गत अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के परीक्षा शुल्क, अंकतालिका शुल्क एवं परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क निम्नांकित अनुसार निर्धारित की गयी हैः–

| कमांक | मद | धनराशि |
|---|---|---|
| 01 | सेमेस्टर प्रणाली के विषम सेमेस्टर (प्रथम, तृतीय, पंचम) परीक्षा दिसम्बर–2024 में सम्मिलित छात्र/छात्राओं की परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंकतालिका शुल्क के रूप में ली जाने वाली कुल धनराशि। | रू0–420/–प्रति छात्र/छात्रा प्रति सेमेस्टर। |
| 02 | विषम सेमेस्टर (प्रथम, तृतीय, पंचम) के छात्र/छात्राओं तथा वार्षिक पद्धति 2024 के अन्तर्गत अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के एक या दो विषय में बैक पेपर होने पर बैक पेपर परीक्षा हेतु ली जाने वाली कुल धनराशि। | रू0 200/– प्रति छात्र/छात्रा।<br>दो विषयों से अधिक बैक पेपर होने पर प्रत्येक विषय हेतु रू0 100/– की दर से अतिरिक्त परीक्षा शुल्क । |
| 03 | विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर–2024 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदन पत्र एवं अंकतालिका शुल्क के रूप में ली जाने वाली धनराशि। | रू0 370/– प्रति छात्र/छात्रा। |

अतः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए अपनी संस्था में अध्ययनरत समस्त पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र संस्था लॉगिन के माध्यम से समयान्तर्गत सावधानी पूर्वक भराना सुनिश्चित करें। विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर–2024 के परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु परिषद द्वारा तिथि विस्तारित नहीं की जायेगी।

**नोटः चालान की स्कैन कॉपी और चालान का विवरण संस्था लॉगिन के माध्यम से भरने के उपरान्त ही आपकी संस्था के छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र अन्तिम रूप से समबिट माने जायेगें अन्यथा की स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र समबिट नहीं माने जायेगें।**

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

**पृ0सं0ः प्राशिप/अनु0–06/नव0–2024–25/8350–52 तद्दिनांकः–23/11/2024**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा उ0प्र0, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र, दौराला, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं के संस्था प्रधानाचार्य को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त की सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

**प्रारूपः—1**

## कार्यालय सचिव,
## प्राविधिक शिक्षा परिषद,
## उत्तर प्रदेश लखनऊ।

विषम सेमेस्टर (प्रथम, तृतीय, पंचम) एवं विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर—2024 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन भरे गये परीक्षा आवेदन पत्रों का विवरण ।

संस्था कोडः—

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

संस्था का नामः— ..................................................................................................................

| | | सेमेस्टर पद्धति | | वार्षिक पद्धति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क0 सं0 | पाठ्यक्रम का कोड एवं नाम | प्रथम सेमेस्टर/तृतीय सेमेस्टर/पंचम सेमेस्टर | छात्र/छात्राओं की संख्या | अंतिम वर्ष तृतीय वर्ष/द्वितीय वर्ष/प्रथम वर्ष | **Regular** छात्र/छात्राओं की संख्या | **Private** छात्र/छात्राओं की संख्या | अन्तिम वर्ष बैक पेपर परीक्षा |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

(प्रधानाचार्य)
हस्ताक्षर एवं मुहर।

प्रारूपः—2

**कार्यालय सचिव,**
**प्राविधिक शिक्षा परिषद,**
**उत्तर प्रदेश लखनऊ।**

विषम सेमेस्टर (प्रथम, तृतीय, पंचम) एवं विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर—2024 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंकतालिका शुल्क (ट्रेजरी चालान की मूल प्रति) जमा करने का विवरणः—

**संस्था कोडः—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

**संस्था का नामः—** ..............................................................................................................

| क0 सं0 | पाठ्यक्रम का कोड एवं नाम | छात्र/छात्राओं की कुल संख्या | ट्रेजरी चालान संख्या एवं तिथि | कोषागार का नाम जनपद सहित। | चालान द्वारा कोषागार में जमा कुल धनराशि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

(प्रधानाचार्य)
हस्ताक्षर एवं मुहर।

वित्तीय नियम संग्रह, खण्ड-5, भाग-2

प्रपत्र संख्या-43 ए (1)

(प्रस्तर 417 एवं 478 देखिये)

## धनराशि जमा करने का चालान फार्म

उपकोषागार (बैंक का नाम व शाखा) ....................................................

1–जिस व्यक्ति (पदनाम यदि आवश्यक हो) या संस्था के नाम से धनराशि जमा की जा रही है उसका नाम ....................................................

2–पता ....................................................

3–पंजीकरण संख्या/पक्ष का नाम व वाद संख्या (यदि आवश्यक हो) ....................................................

4–जमा की जा रही धनराशि का पूर्ण विवरण (धनराशि किस हेतु जमा की जा रही है तथा किस विभाग के पक्ष में जमा की जा रही है) — सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ० प्र०, लखनऊ को आवेदन पत्र के मूल्य/परीक्षा शुल्क हेतु।

5–चालान की सकल राशि ....................................................

6–चालान की निबल राशि ....................................................

7–लेखाशीर्षक का पूर्ण विवरण/लेखाशीर्षक की मुहर —
0202–शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति,
02–तकनीकी शिक्षा
800–अन्य प्राप्तियाँ
03–परीक्षा शुल्क

8–लेखाशीर्षक का 13 डिजिट कोड–

| मुख्य लेखाशीर्षक | | | | उप मुख्य शीर्षक | | लघुशीर्षक | | | उपशीर्षक | | ब्योरेवार शीर्षक | | धनराशि (अंकों में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 2 | 0 | 2 | 0 | 2 | 8 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |

धनराशि ( शब्दों में )———————————— योग

चालान में लेखाशीर्षक की पुष्टि करने वाले विभागीय अधिकारी के हस्ताक्षर, मुहर सहित

जमाकर्ता का नाम एवं हस्ताक्षर

---

### केवल उपकोषागार/बैंक के प्रयोगार्थ

चालान संख्या——————————————— अंकों में रु०

दिनांक———————————————

प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर, उपकोषागार/बैंक की मुहर सहित।

| विवरण रोकड़ (विवरण सहित) नोट / सिक्के | ( धनराशि रुपयों में ) |
|---|---|
| 1000× | |
| 500× | |
| 100× | |
| 50× | |
| 20× | |
| 10× | |
| 5× | |
| 2× | |
| 1× | |
| चेक (पूर्ण विवरण के साथ) | |
| योग | |

**टिप्पणी :–**

1–जिन विभागों में अधिक संख्या में चालानों द्वारा धनराशि जमा होती है (जैसे व्यापार कर, स्टाम्प एवं पंजीकरण, शिक्षा, लोक सेवा आयोग आदि) उन्हें बजट साहित्य के खण्ड–1 अथवा लोक लेखा खण्ड–2 के अनुसार लेखाशीर्षक मुद्रित कराना उचित होगा। अन्य प्रकरणों में बजट साहित्य के खण्ड–2 (लोक लेखा) तथा खण्ड–4 (राजस्व एवं पूंजी लेखे की प्राप्तियां) में दर्शाये गये लेखाशीर्षक के स्तरों के अनुरूप विभागीय अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जायेगा।

2–निजी जमा धनराशि के लिये विज्ञापन द्वारा सार्वजनिक रूप से प्रसारित लेखाशीर्षक विशेष में धनराशि जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है, तो ऐसी दशा में चालान फार्म के लेखाशीर्षक को सत्यापित करना आवश्यक नहीं होगा।

3–यदि जमा की जाने वाली धनराशि में पैसे का कोई अंश है तो 50 पैसे से कम की धनराशि को छोड़ दिया जायेगा एवं 50 पैसे और उससे अधिक की धनराशि को अगले उच्चतर रुपये पर पूर्णांकित कर धनराशि जमा की जायेगी।

पी०एस०यू०पी०–ए०पी० 30 प्रा० शि० परिषद्–29.1.2008–(2302)–10,000–(कम्प्यूटर / आफसेट)।